# सामाजिक समाचार

**टैगोर पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय पिलानी का परिणाम शानदार रहा**

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा आयोजित वर्ष 2017 के 12वीं विज्ञान वर्ग का पिलानी स्थित समाज की टैगोर पब्लिक उच्च माध्यमिक वर्ग का परिणाम बहुत ही शानदार रहा। संस्था अध्यक्ष जयसिंह जांगिड, संस्था सचिव श्रीमती पुष्पलता जांगिड, संस्था निदेशक सतवीर जांगिड, संस्था उप प्रधानाचार्य निशा जांगिड, संस्था के प्रधानाचार्य आचार्य रामगोपाल शर्मा द्वारा 12वीं विज्ञान में बेहतरिन प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का तिलक व माला पहनाकर स्वागत किया। विद्यालय की होनहार छात्रा विजय लक्ष्मी शेखावत ने पी.सी.एम. में 98% अंक प्राप्त कर पिलानी में एक बार फिर कीर्तिमान स्थापित किया। संस्था के चार छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर पिलानी में सर्वश्रेष्ठ अंक लाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। कुल 14 छात्रों ने पी.सी.एम. में 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। छात्र अभिषेक ने 92.6%, दीपिका ने 91.60%, मोनिका चाहर 91.60% व छात्रा विजय लक्ष्मी ने 90.8% अंक प्राप्त कर पिलानी में परचम लहराया।

**अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली की त्रैमासिक मीटिंग इन्दौर में सम्पन्न**

14 मई, 2017 को होटल मंगल सिटी विजय नगर, स्केयर, इन्दौर (म.प्र.) में अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली कार्यकारिणी की त्रैमासिक मीटिंग श्री कैलाश चन्द्र बरनेला प्रधान महासभा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। लगभग 500 कार्यकारिणी के सदस्य एवं पदाधिकारीगण व समाज के गणमान्य व्यक्ति मीटिंग में उपस्थित हुए।

इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों में महासभा के संरक्षक श्री पी.एल. शास्त्री (माइक्रोमेक्स), पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अ.भा. विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा श्री राम आसरे उत्तर प्रदेश, श्री रमेश चन्द्र शर्मा इन्कमटैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल सदस्य मुम्बई, श्री बी.सी. शर्मा वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री भंवर गुगरिया अध्यक्ष बैंगलुरु, उद्योगपति श्री अमराराम जांगिड दुबई, श्री पूनाराम जांगिड उद्योगपति जोधपुर उपप्रधान, उद्योगपति श्री एम.डी. शर्मा उपप्रधान जोधपुर, श्री लीलूराम जांगिड उद्योगपति एवं संरक्षक महासभा, श्री नीरज शर्मा उद्योगपति (प्रकाश मशीन टूल्स), श्री पूरणचन्द शर्मा उद्योगपति एवं पूर्व प्रधान विश्वकर्मा एज्यूकेशन ट्रस्ट दिल्ली एवं संरक्षक महासभा, श्री सुरेन्द्र शर्मा उद्योगपति दिल्ली, श्री विद्यासागर जांगिड उपप्रधान एवं प्रभारी दक्षिण, श्री मोहनलाल शर्मा मन्दसौर उपप्रधान, श्रीमती मधु शर्मा इन्दौर उपप्रधान, श्रीमती मंजु नागल जोधपुर उपप्रधान, श्रीमती सुमित्रा जी अहमदाबाद, डॉ. शेर सिंह जांगडा प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा, श्री रविशंकर शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, श्री रतन लाडवा प्रदेशाध्यक्ष मध्य प्रदेश, श्री लादूराम जांगिड प्रदेशाध्यक्ष दिल्ली, श्री मदनलाल शर्मा प्रदेशाध्यक्ष छत्तीसगढ़, श्री चम्पालाल जांगिड प्रदेशाध्यक्ष महाराष्ट्र, श्री द्वारका प्रसाद जांगिड प्रदेशाध्यक्ष गुजरात, श्री चोखाराम जांगिड प्रदेशाध्यक्ष तमिलनाडु, श्री गिरधारी लाल शर्मा प्रदेशाध्यक्ष कर्नाटक, श्री नेमीचन्द जांगिड प्रदेशाध्यक्ष तेलंगाना, डॉ. सी.पी. शर्मा उपसचिव विधान सभा लखनऊ, श्री मोहनलाल दायमा महाराष्ट्र, श्री जीवाराम जोधपुर, डॉ. आर.डी. शर्मा एडवोकेट जयपुर, श्री कान्ति प्रसाद टाईगर उपप्रधान महासभा एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, श्री शिवनारायण थानेदार उपप्रधान महासभा, श्री लखन शर्मा प्रभारी एन.आर. एवं उपप्रधान महासभा, श्री देवकी नन्दन नागल उपप्रधान महासभा अजमेर, श्री नेमीचन्द शर्मा उद्योगपति एवं उपप्रधान महासभा गांधीधाम, श्री सुरेन्द्र वत्स कोषाध्यक्ष महासभा, महामंत्री महासभा श्री शिवनाथ शर्मा, श्री के.डी. शर्मा एडवोकेट दिल्ली, श्री सुरेश जी नीमच पूर्व महामंत्री महासभा, श्री शंकर लाल लदीया संरक्षक, श्री आर.पी. सिंह प्रभारी दिल्ली, श्री चन्द जी प्रभारी हरियाणा आदि मंचासीन हुए। सभी का स्वागत किया गया। मीटिंग का प्रारंभ श्री विश्वकर्मा जी की तस्वीर पर माल्यार्पण प्रधान जी द्वारा, विश्वकर्मा ट्रस्ट के अध्यक्ष नेपालिया, श्री सुरेश जी नीमच, श्री के.डी. शर्मा एवं श्रीमती सुमित्रा जी अहमदाबाद द्वारा मन्त्रोचारण द्वारा पूजन किया गया।

मंच संचालन श्री रमेश चन्द सीदड़ (अजमेर) द्वारा किया गया तथा सभी पधारे हुए महानुभावों का हार्दिक आभार जताया गया।

मीटिंग की शुरूआत गत मीटिंग की कार्यवाही के अनुमोदन से प्रारंभ हुई। महासभा भवन हेतु दिल्ली में जमीन की प्रगति पर चर्चा के दौरान पधारे सभी प्रदेशाध्यक्ष एवं प्रभारी द्वारा प्रधान जी का 1 वर्ष के कार्यकाल बढ़ाने को कहा, जिसकी सभी उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकारिणी के सदस्यों एवं समाज बन्धुओं द्वारा प्रधान जी का कार्यकाल की अवधि 1 वर्ष बढ़ाने की सहमति जताई।

इस अवसर पर श्री रमेश चन्द्र शर्मा इन्कमटैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल सदस्य एवं श्री भंवरलाल गुगरिया बैंग्लूरू को जांगिड गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा श्री आर.डी. शर्मा एडवोकेट जयपुर को भी सम्मानित किया गया।

महासभा की प्रदेश इकाई में कार्यक्षेत्र में श्रेष्ठ पुरस्कार के रूप में राजस्थान प्रदेश को चुना गया तथा प्रदेश सभा राज. की टीम को सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान पर महाराष्ट्र प्रदेश सभा एवं तृतीय स्थान पर रहे हरियाणा प्रदेश सभा को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर लगभग 3 करोड़ का कोष महासभा के भवन के लिए मात्र 30 मिनट में भामाशाओं द्वारा महासभा भवन के लिए घोषणा कर एक कीर्तिमान स्थापित किया।

महासभा भवन के भूखण्ड के लिए सुझावों के अनुरूप एक 11 सदस्यीय समिति का भी गठन किया गया, जिसमें श्री लीलूराम जी दिल्ली, श्री लादूराम जी दिल्ली, श्री लोकेश जी दिल्ली, श्री लखन शर्मा जयपुर, श्री रविशंकर शर्मा जयपुर, श्री सुरेन्द्र वत्स, डॉ. शेरसिंह जांगडा, श्री श्यामलाल उत्तराखण्ड, श्री गिरधारीलाल गोबा, श्री नेमीचन्द तेलंगाना एवं श्री मदनलाल छत्तीसगढ़ आदि शामिल हैं।

श्री सुरेन्द्र वत्स कोषाध्यक्ष महासभा द्वारा महासभा के आय-व्यय का विवरण का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने-अपने विचार एवं सुझाव मंच के माध्यम से रखे, जिसमें श्री भंवरलाल गुगरिया, श्री राम आसरे विश्वकर्मा, श्री अमराराम जांगिड, श्री बी.सी. शर्मा, श्री पूरण चन्द शर्मा आदि द्वारा रखे। जिनमें शिक्षा, संगठन, कुरुतियों तथा समाज से जुड़ने व सहयोग करने पर बल दिया।

इस अवसर पर सम्पूर्ण भारत वर्ष से महासभा पदाधिकारीगण, सदस्य तथा प्रबुद्ध लोगों ने पधारकर इस मीटिंग की शोभा बढ़ाई। सभी के ठहरने, खाने-पीने एवं नाश्ते की महासभा की ओर से सुन्दर व्यवस्था थी।

अन्त में महासभा प्रधान जी द्वारा सभी समाज बंधुओं जिन्होंने इस मीटिंग में शिरकत की उनका आभार जताया।

बहुत से लोगों ने भ्रमण का भी लाभ उठाया, महाकालेश्वर एवं ओंकारेश्वर आदि के दर्शन लाभ भी किए।

**लोकसभा स्पीकर को इन्दौर सामूहिक विवाह सम्मेलन का निमंत्रण**

अखिल भारतीय विश्वकर्मा ब्राह्मण युवा मंच इन्दौर के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हरीश कुमार शर्मा इन्दौर ने 27वाँ सामूहिक विवाह सम्मेलन का प्रथम निमंत्रण लोक सभा स्पीकर व इन्दौर की लोकप्रिय सांसद श्रीमती सुमित्रा महाजन को दिया गया।

**विश्वकर्मा जांगिड समाज सेवा समिति पाली द्वारा भोलेनाथ का अभिषेक**

25 मई, 2017 को प्यारा चौक स्थित विश्वकर्मा मन्दिर में विश्वकर्मा जांगिड समाज सेवा समिति पाली द्वारा भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। समाज बन्धुओं ने विश्वेश्वर महादेव का मांगीलाल लूंजा की उपस्थिति में मंत्रोचार के साथ पूजन कर विश्व कल्याण की प्रार्थना की।

भोलेनाथ का बिल्व पत्र, आक के फूलों से शृंगार किया। माता पार्वती, गजानन व कार्तिकेय भगवान के साथ नन्दी का भी पूजन किया।

इस अवसर पर आरती की गई, जिसमें श्री मांगीलाल, ओमप्रकाश, भंवरलाल जांगिड, पूनाराम, भंवरलाल सायल, मदनलाल, मोहनलाल, प्रभारी राजेन्द्र कुमार, ओमप्रकाश सांयल, मदनलाल जोपिंग, दिनेश शर्मा, गणेश, विष्णु कीजा, धनराज, प्रदीप आदि सम्मिलित हुए। दोपहर बाद वी.डी. नगर नेशनल पार्क स्थित विश्वकर्मा समाज भवन स्थित मन्दिर में महिलाओं द्वारा भक्ति संगीत का कार्यक्रम हुआ। पुष्पा शर्मा एण्ड पार्टी के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे।

**विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति का प्रदेश युवा सम्मेलन एवं नवगठित कार्यकारिणी जिला राजसमन्द का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न**

25 मई, 2017 को रामेश्वर महादेव, राजसमन्द में विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति का प्रदेश युवा सम्मेलन एवं नवगठित कार्यकारिणी जिला राजसमन्द का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मंचासीन अतिथियों में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती किरण माहेश्वरी उच्च शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार थी। विशिष्ट अतिथियों में धर्मवीर जांगिड (ग्वाला) राष्ट्रीय अध्यक्ष, राज जांगिड राजस्थानी फिल्म अभिनेता, श्री लालचन्द जांगिड राष्ट्रीय संरक्षक, श्री महेन्द्र पंवार राष्ट्रीय संयोजक, श्री विनोद जांगिड राष्ट्रीय महासचिव, श्री सुरेश गोगोरिया प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री संजय बुड्ढ युवा नेता कांग्रेस मुम्बई, श्री भंवरलाल जांगिड अध्यक्ष जांगिड समाज पाली आदि मंचासीन हुए।

अतिथियों के रूप में श्री रामअवतार जांगिड राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जिला प्रमुख जयपुर शिव सेना, श्री विक्रम जांगिड राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, श्री सुनील जांगिड राष्ट्रीय प्रवक्ता, श्री धीरज जांगिड प्रदेश महामंत्री, श्री मनोज जांगिड जयपुर जिलाध्यक्ष, श्री सत्यनारायण जांगिड प्रदेश सलाहकार, श्री भीमराज जांगिड प्रदेश संगठन मंत्री, श्री महेश जांगिड प्रदेश उपाध्यक्ष, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा, श्री ईश्वर जांगिड जिलाध्यक्ष जोधपुर, श्री अर्जुनलाल सुथार, श्री हनुमान सहाय जांगिड तह. अध्यक्ष बगरू, श्री दामोदर प्रसाद जांगिड पूर्व तह. अध्यक्ष शाहपुरा, श्री दौलत राम जांगिड बरिष्ठ उपाध्यक्ष युवा शक्ति, श्री लोकेश कुमार जांगिड जिला संगठन मंत्री, श्री दिनेश जी ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष, श्री शिव कुमार शर्मा पूर्व तह. अध्यक्ष बगरू, श्री मनीष जी, श्री महावीर जी प्रदेश संगठन मंत्री, श्री निखिल जी जिला संगठन मंत्री, श्री आशीष जी जिला संगठन मंत्री, श्री मुकेश जी बगरू संगठन मंत्री, श्री कमल कुमार जी पत्रकार बगरू, श्री उमाकान्त शर्मा, श्री देवकीनन्दन बुढड आदि मंचासीन हुए।

अतिथियों द्वारा विश्वकर्मा जी की तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण एवं पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी मंचासीन अतिथियों का श्री अतुल शर्मा अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा दुपट्टा, माला एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया।

श्री लालचन्द जांगिड संरक्षक ने विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति के उद्देश्यों एवं कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा हमारा नारा है "एक सबके लिए, और सब एक के लिए"। नन्हीं बालिका ने कहा युवाओं एवं महिलाओं को आगे लाने के लिए शिक्षा की दृष्टि से सक्षम बनाना होगा।

राज जांगिड ने राजनीति पर चर्चा की तथा युवाओं की जिले में प्रथम मीटिंग इतने अच्छे तरह से आयोजित करने पर प्रशंसा की।

श्री संजय बुढड युवा नेता ने अपने विचार व्यक्त किए, जिसमें समाज को शिक्षा में अग्रणी बनाने की योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा छात्रवृत्ति के लिए लाखों रुपये की भी मदद करने से पीछे नहीं रहेंगें। संगठन मजबूत व समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया तथा कहा मैं समाज के लिए शिक्षा आदि पर कार्य करता रहूंगा।

देवकीनन्दन बुढड ने भी अपने विचार मंच के माध्यम से रखे।

श्रीमती किरण माहेश्वरी मंत्री महोदया ने अपने उद्बोधन में समाज के इन युवाओं द्वारा आयोजन करने पर बधाई दी तथा स्वयं को भी जांगिड समाज की बेटी बताया आप जमीन की तलाश कर बताना पैसा भी आपका है, भवन तैयार हो जायेगा। सामूहिक विवाह सम्मेलनों पर भी आपने जोर दिया। युवाओं एवं समाज के लिए सरकार की नीतियों के बारे में अवगत करवाया। धर्मवीर द्वारा भी अपने उद्बोधन में राजनीति एवं संगठन पर बल दिया। नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीता की शपथ दिलवाई गई।

अन्त में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री अतुल जी द्वारा सभी का आभार प्रकट किया। राजसमन्द में पहली बार यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, इतने सुन्दर तरीके से आये हुए प्रदेश एवं जयपुर से पहुँचे मेहमानों को ठहराने एवं खाने-पीने तथा मन्दिर दर्शन से लेकर सभी व्यवस्थाएं बखूबी की। इसके लिए युवाओं का जोश देखने के काबिल था। लगभग 500 समाज बन्धुओं एवं महिलाओं की उपस्थिति रही।

**श्री विश्वकर्मा मन्दिर के स्थापना दिवस पर ग्राम बागुन्दा (राजसमन्द) में अष्टम वर्ष में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न**

29-30 मई, 2017 को श्री विश्वकर्मा मन्दिर के अष्टम स्थापना दिवस पर ग्राम बागुन्दा (राजसमन्द) में ध्वजा समारोह एवं वार्षिक उत्सव धूम-धाम से विश्वकर्मा धाम बागुन्दा में विश्वकर्मा समिति ट्रस्ट जांगिड समाज चौखला बागुन्दा की ओर से सम्पन्न हुआ। 29 मई, 2017 को रात्रि जागरण का कार्यक्रम श्री भगवती लाल सुथार एण्ड पार्टी (कोशीवाड़ा, राजसमन्द), हास्य कलाकार जया एण्ड पार्टी एवं प्रीति (सुमेरपुर), बाल कलाकार पीयूष जांगिड पाली के सहयोग से भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुआ।

30 मई, 2017 को सम्मान समारोह एवं ध्वजा समारोह का कार्यक्रम हुआ। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) प्रदेशाध्यक्ष राज. एवं कुम्भलगढ़ विधायक श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड़, श्री लखन शर्मा प्रदेश प्रभारी एवं उपप्रधान महासभा, श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री राहुल शर्मा प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, श्री अशोक अठवासिया अध्यक्ष सोजत सिटी, श्री राधेश्याम जांगिड संगठन

मंत्री प्रदेश सभा, श्री रामजीलाल जांगिड संगठन मंत्री प्रदेश सभा राज., श्री अतुल जी जिलाध्यक्ष राजसमन्द, श्री विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति, श्री घीसूलाल जी लिकड पाली जिलाध्यक्ष, राजसमन्द जिलाध्यक्ष श्री अर्जुन लाल जांगिड आदि मंचासीन हुए।

सभी अतिथियों का सम्मान अध्यक्ष श्री देवराज जांगिड, मंत्री कालूराम जांगिड, कोषाध्यक्ष पोरवमल जांगिड आदि द्वारा माल्यार्पण कर, साफा बन्धवाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधायक महोदय द्वारा बागुन्दा गांव में कुआं निर्माण के लिए 5 लाख, टंकी निर्माण और पाईप लाइन के लिए 10 लाख और सामुदायिक भवन के लिए 5 लाख विधायक मद से देने की घोषणा की। उन्होंने कहा वे स्वयं शिल्पकार होते हैं जो अपने कला के क्षेत्र में दक्ष होते हैं।

श्री रविशंकर शर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में समाज भावनात्मक रूप से जुड़ता है तब जाकर सुन्दर परिवार निर्मित होता है। आपके द्वारा ''जांगिड समाज का इतिहास'' पुस्तक का विमोचन किया। समाज के वरिष्ठजनों का भी सम्मान किया गया।

इस अवसर पर राजसमन्द चौखला, घाटा और केलवा चौखला, मातृकुण्डिया, मारवाड़ से पाली जालौर के जिलाध्यक्ष एवं श्री गोविन्द जी महामंत्री पाली उपस्थित हुए।

मंच संचालन नरोत्तम शर्मा एवं रामदयाल जांगिड द्वारा किया गया। गाजे-बाजे के साथ मन्दिर की ध्वजा चढ़ाई।

अन्त में श्री कालूलाल जांगिड द्वारा सभी पधारे अतिथियों एवं समाज बन्धुओं का आभार व्यक्त किया गया।

## सिग्नेचर हर्बल की ओर आयोजित ''सिग्नेचर लीग 2017'' का प्रारंभ

24 मई से 15 अक्टूबर तक सिग्नेचर हर्बल की ओर से ''सिग्नेचर लीग 2017'' से प्रारंभ हुई। इस चैम्पियनशिप में 280 मैच खेले जायेंगें, जिसमें लगभग 480 से अधिक टीमें भाग ले रही हैं तथा लगभग लीग में 3800 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए आये। आई.पी.एल. की तर्ज पर यह क्रिकेट लीग भी फटाफट अन्दाज यानि टी-20 फार्मेट में खेली जा रही है। इस लीग में प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 16 दिन तक प्रतिदिन 2-2 मैच खेले जायेंगें।

यह जानकारी सिग्नेचर के निदेशक पवन जांगिड द्वारा दी गई।

चैम्पियनशिप दो चरणों में खेली जायेगी। पहले चरण में बेहतरीन खिलाड़ियों का चयन कर आठ टीमें बनाई गई, जो लीग के दूसरे चरण में एक-दूसरे से मुकाबला करेगी। दूसरे और अन्तिम चरण में चुनी गई 8 टीमों को राजस्थान के प्रमुख शहरों का नाम दिया गया, जिनमें अलवर पैंथर्स, अजमेर स्कॉर्पियन, उदयपुर क्राकोडाइल, जोधपुर किंग कोबरा, जयपुर हॉर्स राइडर, कोटा टाइगर्स, बीकानेर लाईंस और भीलवाड़ा बुल्स नाम दिया गया। प्रदेश के युवा क्रिकेटर के क्रिकेटिंग प्रतिभा को मंच दिलाने के उद्देश्य से इस चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। विजेता टीम को 3 लाख रु. तथा उप विजेता टीम को 2 लाख रु. का नगद पुरस्कार दिया जायेगा।

## तहसील सभा फुलेरा की मीटिंग विश्वकर्मा मन्दिर जोबनेर में सम्पन्न

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा तहसील सभा फुलेरा की मीटिंग श्री विश्वकर्मा मन्दिर जोबनेर में श्री हनुमान सहाय जांगिड तहसील अध्यक्ष बगरू की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शिव कुमार शर्मा थे। सभा में संगठन को मजबूत करने, समाजोत्थान, जोबनेर में आगामी देव उठनी एकादशी पर सामूहिक विवाह सम्मेलन रखने तथा तहसील जां.ब्रा. शाखा सभा द्वारा ली गई भूमि पर छात्रावास का निर्माण करवाने पर विचार-विमर्श कर अहम प्रस्ताव लिये गए। फुलेरा तहसील जां.ब्रा. सभा के अध्यक्ष श्री शंकर बारू ने लोगों से संगठित रहकर समाज के विकास में सहयोग करने का आह्वान किया। श्री शिव कुमार शर्मा ने मनुष्य जीवन में समाज की अहम् भूमिका पर बल दिया। लोगों को समाज सेवा में आगे आना चाहिए। महिलाओं की भागीदारी बढ़ानी चाहिए। मंच संचालन तहसील के पूर्व अध्यक्ष श्री शेष नारायण हरसोलिया द्वारा किया गया।

इस अवसर पर तहसील उपाध्यक्ष झरोलाव के श्री लक्ष्मीनारायण जांगिड, फुलेरा के श्री सोहनलाल जाला, श्री ओमप्रकाश जांगिड पटवारी, श्री मदनलाल राजोतिया, श्री शेष नारायण हरसोलिया, बेगस के श्री हनुमान लाल पंवार, जोबनेर के अध्यक्ष श्री मन्नालाल चरख्या, श्री मोहनलाल बारू, श्री नाथूलाल लावण्डीवाल, श्री घीसालाल, श्री सीताराम मेनम, श्री गुल्लाराम, श्री गोपाल लाल काला, श्री सत्यनारायण द्वारा अपने विचार रखे। अन्त में तहसील अध्यक्ष श्री शंकर लाल बारू द्वारा आभार प्रकट किया।

## सीकर में बालिका छात्रावास का शिलान्यास

श्री विश्वकर्मा बालिका छात्रावास का शिलान्यास व भूमि पूजन सैंकड़ों समाज बन्धुओं एवं भामाशाह श्री रामेश्वर लाल नागवा द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सीकर श्री चौथमल जांगिड एवं श्री चिरंजीलाल खातीपुरा ने संयुक्त से की।

सभा में छात्रावास का शीघ्र निर्माण का निर्णय लिया गया एवं गरीब परिवार के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने का भी निर्णय लिया गया। प्रबुद्ध समाज बन्धुओं में श्री नन्दलाल खण्डेला, बाबूलाल, गंगाधर, रामनिवास, पुरुषोत्तम, बलदेव प्रसाद, बसंत कुमार, सुभाष चन्द सिगरावट, सत्यनारायण, जयदत्त, गोपीराम, बद्री प्रसाद, हरलाल सिंह, मामराज सिंह, ओमप्रकाश, कृष्ण कुमार, मंगलचन्द, रतनलाल सहित सैंकड़ों वरिष्ठजन उपस्थित हुए।

## तिलोड़ा गाँव के बगदाराम सुथार ने दान की डेढ़ बीघा जमीन

श्री बगदाराम सुथार निवासी तिलोड़ा गाँव ने अपने पुत्र की स्मृति में डेढ़ बीघा जमीन गौशाला को दान की। उन्होंने कहा गौ सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं। इस अवसर पर नारायण सिंह राठौड़, मोडसिंह, पूर्व सरपंच जगाराम, सांवरराम सुथार, भयाराम, कालुराम सुथार, नाथाराम सहित प्रबुद्ध गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए।

## अम्बेडकर जयंती पर जांगिड प्रतिभाऐं सम्मानित

डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर दिनांक 14 अप्रैल, 2017 को नावा शहर जिला नागौर में अंबेडकर छात्रावास में एक समारोह आयोजित कर प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

इस समारोह के मुख्य अतिथि श्री हरीशचन्द्र कुमावत अध्यक्ष माटीकला बोर्ड राज्यमंत्री राजस्थान सरकार एवं अध्यक्षता श्रीमती प्रियंका रेगर प्रधान पंचायत समिति नावां रहे। समारोह में जांगिड समाज के कपिल जांगिड पुत्र श्री कैलाश चन्द जांगिड, सुश्री गगन जांगिड सुपुत्री श्री मूलचन्द जांगिड, सुश्री आरती जांगिड सुपुत्री श्री कानाराम जांगिड को सैंकण्डरी परीक्षा में 80% से अधिक अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

समारोह में समाज सेवी श्री मनीष व्यास, भामाशाह श्री रामरतन कुमावत, श्री कुन्दनमल चावला जांगिड समाज नावा तहसील अध्यक्ष श्री हरीराम जांगिड एवं पार्षदगणों सहित समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

**-हरीराम जांगिड** अध्यक्ष अ.भा.जां.ब्रा. तह. सभा नावां, नागौर